विस चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने दून पहुंची निर्वाचन आयोग की टीम।



# हमारा दून

# राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने पर कर रही कार्य

■ सीएम ने काण्डा महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा अर्चना कर किया शुभारंभ

शिलान्यास



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काण्डा में आयोजित काण्डा महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात जनपद बागेश्वर के विधानसभा कपकोट के केदारेश्वर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा कपकोट एवं बागेश्वर क्षेत्र की 27331.13 लाख की लागत की 89 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें विधानसभा कपकोट की 6843.03 लाख की लागत की 33 योजनाओं का लोकार्पण तथा 15632.94 लाख की 36 योजनाओं का शिलान्यास किया गया तथा विधानसभा बागेश्वर की 531.40 लाख की चार योजनाओं का लोकार्पण तथा 4323.76 लाख की 16 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जब प्रदेश के मुख्य सेवक का दायित्व मिला, उसके बाद राज्य सरकार द्वारा जनहित में अनेक फैसले लिए गए हैं। राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में रिक्त चल रहे पदों में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किए जा रहे है। लंबे समय से चली आ रही आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित उपनल कर्मियों के मांग पर मानदेय बढाने के साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों का भी मानदेय बढ़ाया गया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 1734 पदों पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री द्वारा इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट में पांच सौ एमपीएल क्षमता वाले ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण तथा बीस बैड के चिकित्सालय भवन व मीटिंग हॉल का शिलान्यास किया गया। काण्डा महोत्सव में मुख्यमंत्री द्वारा मेला समिति को 02 लाख, काण्डा में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रूपये देने की घोषणा की गयी, तथा ससोला में स्वीकृति एएनएम सेंटर के लिए धनराशि स्वीकृति करने तथा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काण्डा में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के लिए अल्ट्रासाउंड एवं डायलिसिस की व्यवस्था की जायेगी।

# कांग्रेसी को ही नहीं पता उनका नेता कौन : सीएम धामी

तंज

■ कांग्रेस में कई तरह के गुट व चल रही है गिरोहबाजी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत की फेसबुक पोस्ट व कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस में कई तरह के गुट व गिरोहबाजी चल रही है। इसमें हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह व कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव गुट शामिल हैं। कांग्रेसी खुद तय नहीं कर पा रहे कि उनका नेता कौन है।


इंटरनेट मीडिया पर बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बुधवार को फेसबुक पोस्ट के जरिये प्रदेश नेतृत्व के साथ केंद्रीय नेतृत्व को भी कठघरे में खड़ा कर दिया था। हरदा ने कहा कि चुनाव रूपी समुद्र में तैरना है, लेकिन संगठन का ढांचा अधिकांश स्थानों पर सहयोग का हाथ आगे बढ़ाने की बजाय या तो मुंह फेर खड़ा हो जा रहा है या नकारात्मक भूमिका निभा रहा है।

इस बयान के बाद राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व जागेश्वर विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल व धारचूला विधायक हरीश धामी खुलकर पूर्व सीएम हरीश रावत के पक्ष में उतर आए थे। उन्होंने हरदा के हर निर्णय में साथ होने के साथ उन्हें सीएम चेहरा घोषित करने की मांग फिर दोहरा दी। अब मुख्यमंत्री धामी ने विपक्षी खेमे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस में कई गिरोह और गुट होने की वजह से कार्यकर्ता भी असमंजस में है।

**मेरे बड़े भाई कष्ट में: अजय भट्ट**

केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने पूर्व सीएम हरीश रावत को अपना बड़ा भाई बताते हुए कहा कि वह दोनों एक जिले से हैं। गुरुवार को मुखानी स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान भट्ट ने कहा कि छात्र जीवन से हरीश रावत से उनका प्रेम रहा है। विपक्षी होने के बावजूद वह हमेशा उनके लिए मर्यादित रहे। मगर अब सुनकर बड़ा कष्ट हो रहा है कि बड़े भाई बहुत दुख में हैं। उन्हीं के लोग उन्हें घर से धक्का देकर बाहर निकालना चाहते हैं। ऐसे में अगर वह कहेंगे तो मैं उनकी सेवा में उपस्थित हो जाऊंगा।

उत्तराखण्ड शासन



उत्तराखण्ड आंदोलन के
जननायक एवं प्रणेता
स्व. इन्द्रमणि बडोनी जी
(24.12.1924 – 18.08.1999)
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों की ओर से
शत-शत नमन
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK

## विधानसभा चुनाव में तय सीमा के अंदर ही खर्च करें राजनीतिक दल

**संवाददाता** देहरादून। आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर गुरुवार को निर्वाचन विभाग ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान राजनीतिक दलों के लिए चुनाव प्रचार में खर्च की जाने वाली निर्धारित राशि की जानकारी दी गई। बैठक में निर्वाचन से संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान किए जाने वाले खर्चों की जानकारी दी।

## रेवफिन ने उत्तराखंड में किया अपना विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। वर्ष 2030 तक भारत के ईवी फाइनेंसिंग मार्केट का आकार डॉलर 50 बिलियन (3.7 ट्रिलियन) तक होने का अनुमान है। इसे देखते हुए रेवफिन उत्तराखंड में अपनी छाप और मजबूत कर रहा है। गौरतलब है कि रेवफिन वित्तीय रूप से बहिष्कृत और अल्पसेवा प्राप्त सेगमेंटों का जोखिम अंकन करने वाला उन्नत डिजिटल उपभोक्ता ऋण प्लेटफॉर्म है। इस फिनटेक प्लेटफॉर्म का लक्ष्य ओईएम और विक्रेताओं के साथ साझेदारी में मार्च 2022 तक इस राज्य में इलेक्ट्रिक 3–व्हीलर के वित्तीयन में 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेसदारी हासिल करना है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

## क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाने दून पहुंची शिल्पा शैट्टी

डोईवाला। क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी परिवार के साथ जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।